PUBLICATION	EDITION	DATE
Dainik Bhaskar	Patna	02/04/2017

टीएमटी ट्रेडमार्क के अनधिकृत उपयोग पर याचिका दायर

पटना| पटना में टीएमटी ट्रेडमार्क के अनधिकृत उपयोग पर कामधेनु लिमिटेड ने कोर्ट में याचिका दायर की है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि मेसर्स प्लेटिनम इस्पात इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, पटना कामधेनु के ट्रेडमार्क की नकल कर सुपर कामधेनु टीएमटी और महान कामधेनु के नाम से निर्माण कर वितरण और मार्केटिंग कर रही है। कंपनी ने इसके खिलाफ नई दिल्ली न्यायालय में याचिका दायर की और न्यायालय ने याचिका को स्वीकार करते हुए मेसर्स प्लेटिनम इस्पात इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड पर कार्रवाई का आदेश किया।